**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Demand to allot land to landless people to get benefit of Pradhan Mantri Awaas Yojana in Dadra and Nagar Haveli Parliamentary Constituency.

**श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली) :** धन्यवाद सभापति महोदय । मेरे क्षेत्र दादरा और नागर हवेली में गरीब एवं पिछड़ी जनजाति की आबादी काफी अधिक है । हजारों आदिवासी परिवारों के पास पक्के मकान नहीं हैं । प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत दादरा एवं नागर हवेली में गरीबों के लिए घर बनाने की योजना लागू है, लेकिन कई ऐसे गरीब परिवार हैं, जिनके पास अपना घर बनाने के लिए पर्याप्त जमीन नहीं है, या फिर किसी अन्य कारण से कुछ लोग भूमिहीन हो गए हैं, जिससे वे इस योजना का लाभ लेने से वंचित हो गए हैं ।

अत: मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से विनम्र निवेदन है कि ऐसे सभी आदिवासी परिवारों को, जिनके पास अपना घर बनाने के लिए जमीन नहीं हैं, उन्हें अपना घर बनाने के लिए पर्याप्त जमीन आवंटित करने की योजना बनाई जाए, जिससे प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा गरीब जनता को मिल सके । धन्यवाद ।